THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) to (c). The information is being collected from Government of Uttar Pradesh and will be laid on the Table of the House on receipt.

उदयपुर में विदेशी पर्यटकों के लिये सुविधायें

4951. **श्री ओंकार लाल बोहरा : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) उदयपुर में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये केन्द्रीय सरकार ने और क्या-क्या विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की है ; और

(ख) क्या उदयपुर में प्राकृतिक सौन्दर्य वाले स्थानों का विकास करने और पर्यटक सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिये आगामी वर्ष के आय व्ययक में कोई विशेष नियतन किया गया है और यदि हां, तो कितनी धन-राशि का नियतन किया गया है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री : (डा० कर्ण सिंह) : (क) पर्यटकों के सुभीते के लिए उदयपुर में निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की गई हैं :—

(i) उदयपुर को बम्बई और दिल्ली के बीच नियमित विमान सेवा पर डाल दिया गया है ।

(ii) केन्द्रीय सरकार ने फतहपुर झील के द्वीप की शोभावृद्धि के लिये राज्य सरकार को 3.30 लाख रुपये का उपदान प्रदान किया है ।

(iii) केन्द्रीय सरकार ने उदयपुर के समीप ससबाहु मंदिर के पहुंच मार्ग के सुधार के लिये एक लाख इक्कीस हजार आठ सौ रुपये का एक और उपदान प्रदान किया है ।

(iv) राज्य सरकार ने उदयपुर में एक पर्यटक बंगला श्रेणी II भी बनवाया है जिस में केन्द्रीय सरकार द्वारा 05%वित्तीय सहायता दी गई है ।

इनके अतिरिक्त पर्यटक विभाग ने उदयपुर के बारे में एक फोल्डर और इन्सर्ट (निवेश) तथा राजस्थान के बारे में एक गाइड-बुक तैयार की है । हमारे विदेश स्थित पर्यटक कार्यालयों, भारतीय दूतावासों एवं एयर इंडिया के बिक्री कार्यालयों द्वारा यह सामग्री संभावित भारत यात्रियों तथा यात्रा अभिकर्ताओं को बांटी जाती है । हमारे विदेश स्थित पर्यटक कार्यालयों द्वारा उदयपुर के बारे में एक रंगीन फिल्म भी विस्तृत रूप से, प्रदर्शित की जाती है । पर्यटन विभाग द्वारा दिये गये यात्रा विषयक विज्ञापनों में उदयपुर के आकर्षणों का भी उल्लेख रहता है तथा संसार के विभिन्न भागों में लोकप्रिय पत्रों तथा पत्रिकाओं में बहुत से लेख भी दिये गये हैं ।

(ख) 1968-69 के लिये वार्षिक योजना में निम्नलिखित स्कीमें शामिल की गई हैं :—

(i) उदयपुर में सज्जनगढ़ महल का सुधार ।

( ) उदयपुर में पर्यटक बंगले (श्रेणी II) का विस्तार ।

शिक्षा मंत्रालय में समितियां

4952. **श्री ओंकार लाल बोहरा : क्या शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि उनके मंत्रालय द्वारा विभिन्न विषयों पर केन्द्रीय स्तर पर गठित की गई समितियों तथा उप-समितियों के सदस्यों के नाम क्या हैं तथा ऐसी समितियों तथा उप-समितियों की संख्या कितनी है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न विषयों पर केन्द्रीय स्तर पर गठित समितियों और उप-समितियों की कुल संख्या 38 है । विवरण, जिसमें इन समितियों और उप-समितियों के सदस्यों के नाम दिये गये हैं सभा पटल पर रखा गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या** LT-574/68]